Published Date:	28 Aug 2018	Publication:	Dainik Bhaskar (Hindi)
Edition:	Nagpur	Page No:	7
MAV/CCM:	25800/17.2	Circulation:	55525

टीसीएस आईटी क्विज 4 को

मुंबई| आईटी सेवा, परामर्श एवं व्यवसाय समाधान में अग्रणी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने स्कूलों के लिये भारत के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज 2018 के आयोजन की घोषणा की है। नागपुर संस्करण का आयोजन मंगलवार 4 सितंबर को डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल, एमएलए हॉस्टेल के पीछे, सिविल लाइंस, नागपुर में किया जाएगा। आयोजन में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक संस्थान अधिकतम 8 टीमें भेज सकता है और प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे। इसके लिये कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। टीसीएस आईटी विज्ञ 2018 का आयोजन भारत के 12 शहरों में होगा इनमें अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे में होगा।